हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 किसानों के हक के पानी पर कब्जा? वर्धा जलाशय से पानी देने पर...



10 पटेल ने उठाया विकास का मुद्दा, कृषि आधारित उद्योगों व रोजगार के...



14 से 16 अक्टूबर तक सजेगा अनुभूति 2026, आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर, नागरिकों का मिला भरपूर सहयोग

इटारसी में पहली बार गरबा के मंच पर दो चर्चित चेहरे करेंगे शिरकत

15 को 'राधेश्याम' के किरदार से पहचान बनाने वाले गौतम त्रिपाठी और 16 अक्टूबर को 'अंगूरी भाभी' यानी शुभांगी अत्रे होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि के उल्लास, मां दुर्गा की आराधना और पारंपरिक गरबा की रंगत के बीच इटारसी में इस वर्ष एक बड़े सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। हरिभूमि समाचार पत्र समूह द्वारा आयोजित हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन-5 'अनुभूति 26' इस बार कई खास आकर्षणों के साथ आयोजित होने जा रहा है। 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में पहली बार शहर के गरबा मंच पर दो चर्चित कलाकारों की मौजूदगी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के साथ व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और अनुशासित रखने की दिशा में तैयारियां की जा रही हैं।

इस वर्ष आयोजन की सबसे बड़ी खासियत दो अलग-अलग दिनों में मनोरंजन जगत की चर्चित हस्तियों का आगमन है। 15 अक्टूबर को फिल्म 'हनुमान अंश' में राधेश्याम का किरदार निभाने वाले कलाकार गौतम त्रिपाठी गरबा आयोजन में शामिल होंगे। वहीं, 16 अक्टूबर को लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी के किरदार से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री शुभांगी अत्रे कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। दोनों कलाकारों की उपस्थिति से आयोजन को लेकर गरबा प्रेमियों के बीच उत्सुकता बढ़ने की उम्मीद है।

भव्यता के साथ व्यवस्थाओं पर रहेगा जोर

'अनुभूति 26' को केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे एक व्यवस्थित और यादगार पारिवारिक उत्सव के रूप में आयोजित करने की तैयारी है। आयोजन स्थल पर भव्य मंच, आकर्षक लाइटिंग, डीजे जॉकी और प्रोफेशनल एंकरिंग के साथ गरबा प्रेमियों के लिए उत्सवपूर्ण वातावरण तैयार किया जा रहा है। आयोजन के तीनों दिन कार्यक्रम का संचालन निर्धारित रूपरेखा के अनुसार करने की योजना है, ताकि प्रतिभागियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। आयोजन समिति द्वारा प्रवेश एवं निकास, सुरक्षा, परिवारों के लिए बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, मेल फीमेल बाउंसर और अन्य आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में भीड़ प्रबंधन और अनुशासन बनाए रखने के लिए भी विशेष योजना पर काम किया जा रहा है। आयोजन को बड़े स्तर पर करने के साथ यह सुनिश्चित करने पर जोर है कि व्यवस्थाएं भी उसी स्तर की हों।



तीन दिन, तीन रंग और गरबा का उत्साह

14 से 16 अक्टूबर तक चलने वाले 'अनुभूति 26' में गरबा, संगीत और नवरात्रि के पारंपरिक उत्साह के साथ प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का हिस्सा रहेंगी। आयोजन में गरबा किंग, गरबा क्वीन, बेस्ट कपल, बेस्ट ग्रुप और बच्चों से जुड़ी श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन को परिवारों, युवाओं और गरबा प्रेमियों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा के पिछले चार वर्षों से जुड़े गरबा प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए इस बार आयोजन को और व्यापक स्वरूप देने की तैयारी है। पांचवें सीजन में दो चर्चित कलाकारों की मौजूदगी, बड़े स्तर पर की जा रही व्यवस्थाएं और शहर के विभिन्न वर्गों की भागीदारी 'अनुभूति 26' को इस वर्ष का प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं। अब गरबा प्रेमियों को 14 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव का इंतजार है।

शहर के विभिन्न वर्गों की भागीदारी

इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि आयोजन समिति में इटारसी के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग शामिल हैं। सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। आयोजन की तैयारियों में अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों की भागीदारी इसे सामूहिक प्रयास का स्वरूप दे रही है। समिति का उद्देश्य गरबा प्रेमियों को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां धार्मिक आस्था, पारंपरिक संस्कृति और आधुनिक आयोजन व्यवस्था का बेहतर समन्वय देखने को मिले।

ऑनलाइन पास भी मिलेंगे

हरिभूमि अनुभूति गरबा के लिए इस बार ऑनलाइन टिकट के साथ ऑफलाइन पास की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। हरिभूमि गरबा से जुड़े हजारों गरबा प्रेमियों की मांग को देखते हुए ऑफलाइन पास भी रखे गए हैं।

संस्कृति से जुड़ने का अवसर

हरिभूमि अनुभूति एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 के आयोजन के लिए हरिभूमि समाचार पत्र समूह एवं पूरी आयोजन टीम को हार्दिक शुभकामनाएं। गरबा हमारी भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। इटारसी में इस आयोजन के माध्यम से परिवारों और युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने का सुंदर अवसर मिलेगा। मां दुर्गा की कृपा से यह आयोजन सफल हो और सभी गरबा प्रेमियों के लिए यादगार बने, यही मंगलकामना है।



सुनील दुसाने व्यवसाई एवं समाजसेवी

भरपूर अनुभव मिलेगा

हरिभूमि अनुभूति एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 के अंतर्गत आयोजित अनुभूति 26 इटारसी के सांस्कृतिक आयोजनों में एक विशेष पहचान बनाने जा रहा है। ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत रखने के साथ समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को भी बढ़ावा देते हैं। मुझे विश्वास है कि अनुभूति 26 में गरबा प्रेमियों को भक्ति, संगीत और उत्साह से भरपूर अनुभव मिलेगा। हरिभूमि की पूरी टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। जय माता दी!



अमित बिजलानी व्यवसाई एवं समाजसेवी

परंपराओं से जुड़ने का माध्यम

अनुभूति 26 के माध्यम से हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 इटारसी में भक्ति, संस्कृति और युवा उत्साह का शानदार संगम लेकर आ रहा है। गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि मां दुर्गा की आराधना और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का बेहतरीन माध्यम हैं। मेरी ओर से हरिभूमि की पूरी आयोजन टीम को शुभकामनाएं। मां दुर्गा के आशीर्वाद से अनुभूति 26 सफलता के नए आयाम स्थापित करे।



सुयश कामले युवा व्यवसाई एवं समाजसेवी

दिखेगा अद्भुत संगम

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 के अंतर्गत आयोजित अनुभूति 26 का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है। गरबा में प्रतिभा, तालमेल, पारंपरिक वेशभूषा और मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। अनुभूति 26 प्रतिभागियों को अपनी कला और हुनर दिखाने का शानदार मंच प्रदान करेगा। मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं कि वे पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति दें। हरिभूमि की टीम को इस आयोजन के लिए हार्दिक बधाई।



कल्पेश सोलंकी अतिथि निर्णायक

आयोजन की शुभकामनाएं

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 एवं अनुभूति 26 के आयोजन के लिए हरिभूमि समाचार पत्र समूह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को सहेजने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। अनुभूति 26 जैसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ सामाजिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देते हैं। मुझे विश्वास है कि इटारसी में आयोजित यह तीन दिवसीय उत्सव भक्ति, उत्साह और उमंग से परिपूर्ण रहेगा।



शुभम सिंह राठौड़ महामंत्री, युवा मोर्चा

सराहनीय आयोजन है

अनुभूति 26 के रूप में हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 इटारसी के लिए एक भव्य और यादगार आयोजन साबित हो, ऐसी मेरी कामना है। नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना के साथ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का उत्सव भी है। गरबा के माध्यम से समाज के सभी वर्ग एक साथ आकर आनंद और भक्ति का अनुभव करते हैं। हरिभूमि की टीम द्वारा इस आयोजन को निरंतर आगे बढ़ाना सराहनीय है। मेरी ओर से अनुभूति 26 के सभी आयोजकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



सौरभ पटेल व्यवसाई एवं समाजसेवी

नारी शक्ति का होगा उत्सव

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 के अंतर्गत आयोजित अनुभूति 26 के लिए मैं हरिभूमि समाचार पत्र समूह एवं पूरी आयोजन टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। गरबा हमारी आस्था, संस्कृति और नारी शक्ति का उत्सव है। मां दुर्गा की आराधना से जुड़ा यह पर्व महिलाओं, युवाओं और परिवारों को एक साथ आने का अवसर प्रदान करता है। मेरी कामना है कि अनुभूति 26 सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करं तथा सभी के जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आए।



श्रीमती सविता आर.साहू अध्यक्ष, इनरव्हील क्लब इटारसी

शहर की मजबूत पहचान है

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 एवं अनुभूति 26 के लिए मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इटारसी में इस तरह के भव्य सांस्कृतिक आयोजन शहर की पहचान को मजबूत करते हैं और हमारी धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हैं। नवरात्रि का पर्व शक्ति, श्रद्धा और सकारात्मकता का संदेश देता है। मुझे विश्वास है कि अनुभूति 26 सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आनंद और उत्साह का केंद्र बनेगा। मां दुर्गा की कृपा से यह उत्सव सफल हो तथा शहर में सद्भाव बना रहे।



श्रीमती अंशिका रुद्रांश सिंह विधायक प्रतिनिधि

परंपराओं की अभिव्यक्ति है

अनुभूति 26 के आयोजन के लिए मैं हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 की पूरी टीम और सभी गरबा प्रेमियों को हृदय से शुभकामनाएं देती हूं। गरबा हमारी परंपराओं की सुंदर अभिव्यक्ति है, जिसमें भक्ति, आनंद और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। ऐसे आयोजन परिवारों को एक साथ उत्सव मनाने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का अवसर देते हैं। मेरी कामना है कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से अनुभूति 26 भव्य एवं सफल हो और सुखद स्मृतियां लेकर आए।



श्रीमती भारती मनजीत कलोसिया, समाजसेविका

प्रतिभाओं को निखरने का मौका

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा सीजन 5 के अंतर्गत आयोजित अनुभूति 26 का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद उत्साहपूर्ण है। गरबा में हर कदम के साथ श्रद्धा, हर ताल के साथ उमंग और हर प्रस्तुति में हमारी संस्कृति की खूबसूरती झलकती है। अनुभूति 26 प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का शानदार मंच प्रदान करेगा। सभी प्रतिभागियों से यही कहना चाहूंगी कि पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ गरबा कर हरिभूमि की पूरी टीम को ढेरों शुभकामनाएं।



सिमरन राचंदानी अतिथि निर्णायक

प्रोजेक्ट ज्ञानार्पण के अंतर्गत किया गया आयोजन

कलेक्टर ने बच्चों से किया संवाद, बच्चों ने तालियां बजाकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रोजेक्ट ज्ञानार्पण के अंतर्गत शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के लिए 33 डेस्क-बेंच सेट प्रदान किए। नई डेस्क-बेंच मिलने से विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने तालियां बजाकर और हाथ हिलाकर कलेक्टर श्री मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने शाला पहुंचकर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्र-छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के प्रति उनकी रुचि और आत्मविश्वास को सराहा।

इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) डॉ. राजेश जायसवाल ने कलेक्टर श्री मिश्रा को शाला परिवार से परिचित कराया। साथ ही प्रधान पाठक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में दिव्यांग विद्यार्थी भी अध्ययनरत हैं।



जिले की विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेसर्स राघवेंद्र सिंह, पिपरिया, सिल्वर मिस्ट एवं पावरमैक कंपनी द्वारा सीएसआर मद से फर्नीचर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई को डेस्क-बेंच सेट प्रदान किए गए। फर्नीचर हस्तांतरित करने के अवसर पर संबंधित कंपनियों की ओर से श्री मनजीत सिंह उपस्थित रहे।

वहीं, वरिष्ठ नागरिक मंच के वरिष्ठ नागरिकों के समूह ने 'एक दान पितृ के नाम' अभियान के अंतर्गत विद्यालय को चार पंखे भेंट किए। इस पहल से विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं में वृद्धि हुई है।

पांच साल पहले की थी लव मैरिज, विवाहिता ने घर में लगाई फांसी, हुई मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के कुलामढ़ी रोड स्थित कमला हाईटेक कॉलोनी में एक 30 वर्षीय नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे की है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। मृतका की पहचान पूजा गोरे पति हितेश चौहान (30) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, घटना के समय महिला घर में अकेली थी। पति हितेश जब घर लौटा और दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने खिड़की से झांककर देखा। अंदर पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी। पति ने शोर मचाते हुए धक्का देकर दरवाजा खोला और उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतका के पिता गेंदालाल जाटव नई जेल के पास रहते हैं। सूचना मिलने पर देहात थाने के एएसआई प्रवीण शर्मा, नायब तहसीलदार हंसकुमार ओंकर मौके पर पहुंचे। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल भेजा गया। शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया गया।

अलग रह रहे थे दंपत्ति

पुलिस के मुताबिक, पूजा और हितेश की 5 साल पहले लव मैरिज हुई थी। शादी के बाद से ही दंपति सास-ससुर से अलग किराए के मकान में रह रहे थे। एएसआई प्रवीण शर्मा ने बताया कि मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

तहसील अधिवक्ता संघ माखन नगर के निर्वाचन में विवाद, राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर में की अपील

माखननगर। तहसील अधिवक्ता संघ माखननगर के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026-28 को लेकर विवाद गहरा गया है। निर्वाचन प्रक्रिया में अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता रामलाल साहू द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर में अपील प्रस्तुत की गई है। मामले में राज्य अधिवक्ता परिषद ने 30 सितंबर 2026 को पत्र जारी कर संबंधित पक्षों से 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। परिषद के पत्र के अनुसार, रामलाल साहू द्वारा 22 अगस्त 2026 को निर्वाचन के विरुद्ध अपील दायर की गई थी। इसके साथ प्रस्तुत अपील और संलग्न दस्तावेजों की प्रतियां संबंधित पक्षों को भेजते हुए अपना जवाब परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सेवा संकल्प सप्ताह के अंतर्गत वितरित की गई पाठ्य सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्राथमिक शाला घोड़ानार में शनिवार को सेवा संकल्प सप्ताह के अंतर्गत माखन नगर से वर्मा सेनानी परिवार द्वारा शाला मेआकर सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री एवं फल का वितरण किये गये तथा सभी बच्चों को चॉकलेट बांटी गई वर्मा परिवार से आए हुए दीपक वर्मा ने सभी बच्चों को रोज स्कूल आने के लिए कहा ओर आगे भी शाला परिवार में आकर बच्चों के बीच स्नेह वचन कहे उनके साथ कैलाश भगोरिया एवं संजय वर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विदित हो कि जिले में सेवा संकल्प सप्ताह के अंतर्गत आयेजन जारी है।

सेवा संकल्प अभियान 2026 सतत जारी

नवाचार को लक्ष्य बनाकर विद्यार्थियों ने किए मॉडल निर्माण, विद्याार्थियों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ.आई. एस.कनेश के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नवाचार को लक्ष्य बनाकर छात्र छात्राओं ने मॉडल निर्माण किए। बी. एस.सी .प्रथम वर्ष की छात्रा आशी ने एनर्जी एफिशिएंट स्मार्ट सिटी ,अस्मिता बी. एस.सी .प्रथम वर्ष ने विकसित भारत 2047 स्मार्ट एंड डिजिटल सिटी , छात्रा नंदिनी और रचना चतुर्थ वर्ष ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग,छात्र निखिल तथा मनोज ने फुट स्टेप इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर पिजो इलेक्ट्रिक ,सलोनी चौहान बी. एस.सी .प्रथम ने बायो गैस प्लांट



वर्किंग मॉडल बनाया कार्यक्रम की संयोजक शीतल वर्मा थी। बनाए मॉडलों का निरीक्षण डॉ.अमिताभ शुक्ला,डॉ.कविता दुबे, सुश्री श्रुतिका कांसकार, शिवानी मालवीय,शनरोत्तम सिंह चौहान, दिनेश ने किया सभी ने विद्यार्थियों के प्रयास को सराहा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया।

नवरात्रि के चलते 14 जोड़ी ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर 5 मिनट का होगा ठहराव

नर्मदापुरम। मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 11 से 22 अक्टूबर तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट मैहर में प्रदान किया गया है। संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर हाल्ट होगा। वहीं गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस का ठहराव किया है।

निशुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन, मरीजों की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में आरके अग्रवाल मेमोरियल हास्पिटल एवं अग्रवाल निर्सिंग होम के तत्वाधान में स्कूल में आयोजित पेरेंट मीट के दौरान फ्री हैल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ श्रीराम अग्रवाल एवं उनकी टीम ने करीब 250 से अधिक लोगों का निःशुल्क हैलथ चेकअप किया। डॉ अग्रवाल ने बताया कि हैल्थ चेक के दौरान बीपी, पल्स और फ्री शुगर की जांच की गई। डॉ अग्रवाल ने बताया कि जो मरीज अग्रवाल अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते है उन्हें हम उन मरीजों तक भी पहुंच बना रहे हैं। हम मरीजों को संदेश देते हैं कि बीमारी आने से पहले ही उसे रोका जना चाहिए। उनका कहना था कि सभी टीम के द्वारा लोगों को पेशेंट एज्युकेशन दी जा रही है ताकि लोग स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरते। इस दौरान बताया गया कि शिविर में कई पुराने मरीज भी आए थे जिनका निःशुल्क हैल्थ चेकअप किया गया।

खबर संक्षेप



आयुक्त ने छात्रावासों का निरीक्षण कर किया संवाद, दिए निर्देश

बैतूल। आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्संख्यक कल्याण विभाग और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग डॉ. सतेंद्र सिंह द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के अंतर्गत बैतूल जिले का दौरा किया गया। आयुक्त द्वारा शाहपुर के आदिवासी बालक आश्रम धार का भ्रमण, तत्पश्चात विकासखंड शाहपुर के ग्राम सालिमेट का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने जन आरोग्य केंद्र, आंगनवाड़ी, प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में उपस्थित शासकीय कार्मिकों, लाभार्थियों तथा उपस्थित ग्रामीण जनों से चर्चा की। आयुक्त द्वारा सालीमेट की ग्रामीण लघु उद्यमी से टंट्या मामा स्वरोजगार योजना की प्रक्रिया, लाभ और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी स्वयं प्रदाय की गई और उपस्थित जनजातीय कार्य विभाग अमले को ऐसे लघु उद्यमियों तक पहुंचकर योजना लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

भौंरा में 12 अक्टूबर को लगेगा बिजली शिविर

भौंरा। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विद्युत विभाग भौंरा द्वारा 12 अक्टूबर, सोमवार को ग्राम भौंरा में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग के संपर्क अभियान के तहत यह शिविर ग्राम पंचायत भवन में लगाया जाएगा, जिसमें उपभोक्ता बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन, विद्युत भार बढ़ाने या घटाने, व्यावसायिक बिजली कनेक्शन, मीटर संबंधी समस्याओं और बिजली बिल में सुधार जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा उपभोक्ता अपने बिजली बिल भी जमा कर सकेंगे तथा विद्युत प्रदाय से जुड़ी अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दे सकेंगे। विद्युत विभाग ने ग्राम भौंरा के सभी उपभोक्ताओं से शिविर में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। विभाग का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर कर उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना है।

माचना ब्रिज के पास यात्री प्रतीक्षालय में मिला शव

बैतूल। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में माचना ब्रिज के पास यात्री प्रतीक्षालय में शनिवार सुबह 38 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान राजा उर्फ दिलीप पिता मुन्नालाल मतलाने, निवासी सदर क्षेत्र में डॉन बॉस्को के पास, बैतूल के रूप में हुई है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार, राजा शुक्रवार रात अपने बड़े भाई बबलू के पास गया था। वहां से वह खाने का डिब्बा लेकर निकला, लेकिन घर नहीं लौटा। शनिवार सुबह माचना ब्रिज के पास यात्री प्रतीक्षालय में उसका शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर बैतूल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आ सकेगी।

सुप्रजा योजना में 331 गर्भवती महिलाओं ने लिया लाभ

बैतूल। आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 9 अक्टूबर को जिले में आयोजित गर्भ संस्कार कार्यक्रमों में 331 गर्भवती महिलाओं ने लाभ लिया। जिला कलेक्टर के नेतृत्व और जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में संचालित यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के सभी 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित 13 स्थानों पर आयोजित किया गया। डॉ. चौकीकर ने बताया कि सुप्रजा योजना के तहत प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को गर्भ संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, ग्राम पंचायत ने भी पारित किया प्रस्ताव

किसानों के हक के पानी पर कब्जा? वर्धा जलाशय से पानी देने पर ग्रामीणों में आक्रोश

'किसानों की सिंचाई के लिए बिजली कटौती, निजी कंपनी को मिल रहा जलाशय का पानी'



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

मुलताई क्षेत्र की महत्वाकांक्षी वर्धा सिंचाई परियोजना का लाभ किसानों को पर्याप्त रूप से मिलने के बजाय निजी कंपनी को जलाशय से पानी उपलब्ध कराए जाने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। वर्धा जलाशय के आसपास के किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि जलाशय में पानी की उपलब्धता कम होने के बावजूद निजी कंपनी को पानी दिया जा रहा है, जबकि सिंचाई के लिए जलाशय पर निर्भर किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।हाल ही में ग्राम पंचायत बोरगांव शेरगढ़ के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वर्धा जलाशय शेरगढ़ से निजी कंपनी को दिए जा रहे पानी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।



ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर उठाई रोक लगाने की मांग

इस मामले में ग्राम पंचायत बोरगांव शेरगढ़ ने भी पहल करते हुए पंचायत में प्रस्ताव पारित किया है। पंचायत ने वर्धा जलाशय से डहरगांव स्थित निजी कंपनी को उपलब्ध कराए जा रहे पानी पर रोक लगाने की मांग की है। पंचायत का यह प्रस्ताव भी जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के साथ प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत शेरगढ़ क्षेत्र में स्थित वर्धा जलाशय से निजी कंपनी को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरी ओर, जलाशय में जलभराव कम होने के कारण लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से खेती करने वाले किसानों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, बिजली कंपनी द्वारा लिफ्ट सिंचाई से जुड़े किसानों के बिजली कनेक्शन काटे जाने से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। ऐसे में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के बजाय निजी कंपनी को जलाशय से पानी दिए जाने पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं।

दो वर्षों से ग्रामीण कर रहे हैं किसानों को पानी देने की मांग

उल्लेखनीय है कि वर्धा जलाशय के आसपास के किसान पिछले दो वर्षों से निजी कंपनी को दिए जा रहे पानी पर रोक लगाने की मांग करते आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि जलाशय का निर्माण और सिंचाई परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। ऐसे में जलाशय में पानी सीमित रहने की स्थिति में किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें और मांगें उठाई जा चुकी हैं, लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई है। किसानों का कहना है कि यदि सिंचाई के पानी के वितरण में उनकी जरूरतों की अनदेखी होती रही, तो आगामी रबी सीजन में फसलों की बुवाई और सिंचाई प्रभावित हो सकती है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों के स्तर पर उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। हालांकि, पानी के आवंटन और वितरण से संबंधित विभागीय पक्ष तथा निजी कंपनी को पानी उपलब्ध कराने के नियमों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है।

कलेक्टर के आश्वासन के बाद कार्रवाई पर टिकी निगाहें

ग्रामीणों के अनुसार, जिला कलेक्टर ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद निजी कंपनी को वर्धा जलाशय से दिए जा रहे पानी के संबंध में रोक लगाने की मांग पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए उचित कदम उठाएगा और सिंचाई के पानी को लेकर राहत प्रदान करेगा। हालांकि, ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि कलेक्टर के आश्वासन के बाद वास्तव में क्या कार्रवाई होती है। क्या संबंधित विभाग जलाशय में उपलब्ध पानी और उसके वितरण की समीक्षा करेगा? क्या किसानों की सिंचाई संबंधी जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी? या फिर यह मामला भी पहले की शिकायतों की तरह कागजों तक सीमित रह जाएगा? इन सवालों के जवाब प्रशासन की आगामी कार्रवाई से ही स्पष्ट होंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में ये रहे शामिल

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में मारुति बेले, लालजी साहू, लोकेश साहू, संतोष साहू, जगदीश साहू, घनश्याम बिहारे, गुड्डू महाजन, भालूराम कुमरे, पिंटू पवार, लखन महोबे, राजू, कालूराम बोबड़े, मनोज, दिनेश सरोदे, ग्राम सरपंच कांता कचरू उइके, बसंत पवार, चंदन पवार, ग्राम पंचायत नरखेड़ से वामनराव देशमुख, पिंटू खाड़े सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। हमने इस संबंध में मुलताई जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम से संपर्क करने का प्रयास किया किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

इनका कहना है....

वर्धा बांध में 42 प्रतिशत पानी भरा है और जिला जल उपयोगिता समिति ने यह निर्णय लिया है कि जो बांध 50 प्रतिशत से कम भरे हैं, वहां से सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जाएगा। इस आधार पर वर्धा का पानी भी नहीं दिया जाएगा। जहां तक निजी कंपनी का सवाल है। इसका जवाब ईई साहब ही दे सकेंगे। मुझे इसकी जानकारी नहीं है।
शिवकुमार नागले, एसडीओ जल संसाधन विभाग मुलताई

छात्रों के लिए 75 हजार रुपए स्वीकृत

प्रभारी मंत्री पटेल ने छात्रावास में विद्यार्थियों के साथ किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गत रात्रि जिले के प्रभारी मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जनजातीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास पहुंचकर विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ भोजन भी किया और उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं तथा अध्ययन संबंधी विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गणेश जायसवाल तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी शिक्षा एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में देश और समाज के प्रति समर्पण की भावना के साथ आगे बढने का जज्बा दिखाई देता है। उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने प्रभारी मंत्री श्री पटेल के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं एवं अध्ययन से संबंधित विषयों की जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री ने विद्यार्थियों के छात्र विकास एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए 75 हजार रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से आत्मीयता से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण 12 अक्टूबर से

बैतूल। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या की गणना के सफल, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित संपादन हेतु जिला बैतूल में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष बैतूल में आयोजित होगा। जनगणना 2027 द्वितीय चरण के इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय जनगणना अधिकारियों और सभी ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण दो दिवस क्रमशः 12 एवं 13 अक्टूबर 2026 एवं आगामी दो दिवस 14-15 अक्टूबर को सभी नगरीय चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

गोराखार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



बैतूल। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत गोराखार में ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 35 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव महेंद्र सूर्यवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संध्या पांडोले, संस्था के सुपरवाइजर रामभरोस पन्द्राम, काउंसलर अभिलाषा पंवार, लेखापाल अवधेश पुण्डे और कम्युनिटी वर्कर प्रिया चौहान उपस्थित रहीं। रामभरोस पन्द्राम ने संस्था का परिचय दिया। अभिलाषा पंवार ने ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक समस्याओं के लक्षणों और समय पर उपचार व सहायता लेने की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक बीमारी से जुड़े भ्रम, अंधविश्वास और भेदभाव को दूर करना था। अंत में अवधेश पुण्डे ने आभार व्यक्त किया।

शिक्षा से विकसित भारत थीम पर शैक्षणिक बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित

वाद-विवाद, पैनल परिचर्चा और डिजिटल पोस्टर में विद्यार्थियों ने रखे विचार



बैतूल। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में शिक्षा और आधुनिक तकनीक की क्या भूमिका होगी, इस पर जेएच कॉलेज में विद्यार्थियों ने विचार रखे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2026 के अंतर्गत 5 से 10 अक्टूबर तक शिक्षा से विकसित भारत थीम पर शैक्षणिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, पैनल परिचर्चा, डिजिटल पोस्टर, गायन और लोकनृत्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. बी.डी. नागले की अध्यक्षता तथा राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. पल्लवी दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

भावना सूर्यवंशी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। भूमिका वक्तव्य में प्रो. राकेश कुमार पवार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप ये गतिविधियां विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), शिक्षा के बदलते स्वरूप और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में शिक्षा की भूमिका समझने का अवसर देती हैं। डॉ. बी.डी. नागले ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए ज्ञान, कौशल, नवाचार और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

वरिष्ठ समाजसेवी राजा ठाकुर का 78वां जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

वरिष्ठ समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य राजा ठाकुर का 78वां जन्मदिन 10 अक्टूबर को सुबह पुलिस ग्राउंड पर बड़े ही हर्षोल्लास एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया। समस्त आर एस के परिवार एवं किलेदार परिवार द्वारा इस अवसर पर पुलिस ग्राउंड स्थित अंकुरित आहार केंद्र पर अंकुरित आहार का वितरण किया गया तथा वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर राजा ठाकुर स्वयं उपस्थित रहे और सभी से आत्मीय मुलाकात की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखी एआई तकनीक की बारीकियां

सृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन में 35 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



बैतूल। समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंडरी एजुकेशन) के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के तहत सांदीपनि विद्यालय, घोड़ाडोंगरी के 35 विद्यार्थियों ने सृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन, बैतूल का औद्योगिक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स, प्रोग्रामिंग लैंग्वेज तथा कार्यालयीन कार्यों में कंप्यूटर के उपयोग की जानकारी दी गई। लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आईसीटी योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं के आईटी/ आईटीईएस ट्रेड में एआई असिस्टेंट जॉब रोल के तहत व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से यह भ्रमण आयोजित किया गया। सृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन, बैतूल के संचालक जीतेन्द्र पेसवानी ने विद्यार्थियों को विभिन्न कंप्यूटर कोर्स, एआई टूल्स और प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में कंप्यूटर की भूमिका तथा आधुनिक तकनीक के बढ़ते महत्व की जानकारी भी दी।

तेज आवाज में डीजे पर सख्ती, रात 10 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों पर रोक, दिन में विसर्जन की अपील

नवरात्रि-दशहरा को लेकर भौंरा पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक हुई

भौंरा। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस चौकी भौंरा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, तेज आवाज में डीजे बजाने पर नियंत्रण और प्रतिमा विसर्जन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा हुई। पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने आयोजन समितियों और डीजे संचालकों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर ही किया जाए और रात 10 बजे के बाद इनका उपयोग नहीं किया जाए। तेज आवाज से आम नागरिकों, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और मरीजों को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा गया। पुलिस ने प्रतिमा विसर्जन को लेकर आयोजन समितियों से अपील की कि वे विसर्जन की प्रक्रिया दिन के समय ही पूरी कर लें, ताकि देर शाम तक



भीड़, यातायात और सुरक्षा संबंधी समस्याओं से बचा जा सके। बैठक में नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने ग्रामीण क्षेत्रों की भागीदारी बढ़ाने का सुझाव देते हुए मांग की कि भविष्य में शांति समिति की बैठकों में आसपास के गांवों के सरपंचों और सचिवों को भी आमंत्रित किया जाए। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि और दशहरा के दौरान धार्मिक आयोजन एवं प्रतिमा विसर्जन होते हैं, इसलिए संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकता है और व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

यातायात नियमों के पालन के प्रति किया जागरूक

विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



सारणी। केंद्रीय विद्यालय डब्ल्यूसीएल सारणी में विद्यार्थियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बस, ऑटो और कैब चालकों के लिए जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वाहन चालक, संचालक, पर्यवेक्षक सहित अन्य संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों को घर से विद्यालय और विद्यालय से घर तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए आवश्यक सावधानियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक इंद्रपाल सिंह चौहान ने किया। उन्होंने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, तेज गति और गलत दिशा में वाहन चलाने से बचने तथा वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को नहीं बैठाने के संबंध में जागरूक किया। साथ ही विद्यार्थियों के सुरक्षित चढने-उतरने के स्थान निर्धारित करने, अभिभावकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर: प्रभात पट्टन में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

अभियान से प्रशासनिक व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ : प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रभात पट्टन में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कराया। शिविर में प्राप्त 156 आवेदनों में से 108 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। वहीं, शेष 48 आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत सदस्य उर्मिला बाई, प्रभात पट्टन सरपंच सुनींदा ताई देशमुख, जनपद सदस्य मंदा ताई देशमुख, जनपद अध्यक्ष सोनाली पटेल, विनोद पटेल सहित कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गणेश जायसवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री जन



विश्वास अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं भी विभिन्न जिलों में पहुंचकर अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रभात पट्टन विकासखंड में भी जिले का प्रशासनिक अमला ग्रामीणों के बीच उपस्थित होकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर ग्रामीणों की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव है, उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण एवं विकास के लिए कार्य कर रही है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

गांव-गांव तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करना अभियान का उद्देश्य

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर को संबोधित करते हुए मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जन विश्वास अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करना और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

अतिक्रमण संबंधी शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

ग्राम पाबल के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण संबंधी शिकायत प्रस्तुत किए जाने पर संबंधित राजस्व अधिकारी को स्थल का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ग्राम चारसी में बोरवेल सूखने संबंधी आवेदन पर जनपद पंचायत प्रभात पट्टन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को स्थल का परीक्षण कर नवीन कूप के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अमरावती घाट निवासी ग्रामीणों द्वारा शौचालय बंद करवाए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिविर में बड़ेगांव निवासी निकिता साबले, पारसोडी निवासी खुशी सोनारे, अजाबराव पाटिल, सीताराम बेल तथा ग्राम कोदर निवासी श्रीकृष्ण का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत दुग्ध समितियों में किया गया पौधरोपण

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले की दुग्ध समितियों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समितियों के परिसर में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संबंधित समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधरोपण का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के साथ ही आमजन को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है।

श्री रामलीला महोत्सव का 104 वें वर्ष में हुआ प्रवेश

शुरू हुआ वर्षों पुरानी परंपरा श्री रामलीला का मंचन, नारद मोह लीला से हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में श्रीराम नाट्य समिति द्वारा इस वर्ष के रामलीला मंचन की शुरुआत शुक्रवार रात से की गई है। इस दौरान नारद मोह लीला का मंचन किया गया।

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि रात्रि लगभग नौ बजे भगवान श्री गणेश की आरती एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ 104 वें वर्ष का रामलीला मंचन प्रारंभ हुआ। इसके बाद नारद मोह लीला का मंचन किया गया। अखिलेश मालवीय ने बताया कि 22 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक एवं पात्र सम्मान समारोह के साथ इस वर्ष की रामलीला का मंचन संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दिवस अतिथि एवं दर्शक रूप में वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, मनोज अग्रवाल, शिवकुमार पटेल, पार्षद गौरव पालीवाल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, आनंद साहू, यशवंत पचौरी, तारिक खान आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों व दर्शकों ने भगवान श्री गणेश की आरती व वंदना की। अखिलेश मालवीय ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से मंचन प्रारंभ होगा। श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर ने क्षेत्रवासियों से एक सदी पुरानी रामलीला के मंचन में नियमित उपस्थित होने की अपील की है।

छतरपुर में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय के वेदांश का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता छतरपुर में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में शासकीय सांदीपनि विद्यालय, पचमढ़ी के होनहार खिलाड़ी वेदांश उइके ने नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विद्यालय के खेल शिक्षक संतोष यादव को फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए स्टेट ऑफिशियल नियुक्त किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, नगर के गणमान्य नागरिकों, खिलाड़ियों एवं परिवारजनों ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शासकीय संदीपनी विद्यालय पचमढ़ी के खेल शिक्षक संतोष यादव के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं द्वारा लगातार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जीत दिलाकर विद्यालय,नगर एवं जिला का नाम रोशन किया ओर कर रहे हैं।

137 आवेदनों में से 118 का किया गया मौके पर ही निराकरण

जन विश्वास अभियान अंतर्गत शोभापुर में किया गया शिविर का आयोजन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर शुक्रवार को शोभापुर कृषि उपज उपमंडी में आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर शुक्रवार को शोभापुर कृषि उपज उपमंडी में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय विभागों द्वारा आमजनों के आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए सेवाएं प्रदान की गईं।

सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने बताया कि जिला स्तरीय शिविर में प्राप्त 137 आवेदनों में से 118 निराकृत किए गए। राजस्व विभाग के 29 में से 23, ऊर्जा विभाग के 13 में से आठ तथा स्वास्थ्य विभाग का एक आवेदन निराकृत किए गए। पीएचई के दो आवेदन का निराकरण शेष है। शिविर में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक विजयपाल सिंह, सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, शोभापुर मंडल अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, शोभापुर सरपंच माया शाह, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसपी एसकेएस थोटा, जिपं सीईओ हिमांशु जैन, सोहागपुर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, भाजपा नेता गोलू अग्रवाल, शरद दुबे, गोविंद मेहरा, केशव जाजू व अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संचालन संदीपनि विद्यालय सोहागपुर के प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने किया।

हितग्राहियों को दी सेवाएं

शिविर में राजस्व विभाग ने 38 फार्मर रजिस्ट्री तैयार की। पीएम किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के दो हितग्राहियों को परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने 40 लोगों के एनसीडी, 15 लोगों का शुगर एवं 11 लोगों का ब्लड प्रेशर परीक्षण किया। पांच आयुष्मान कार्ड व 15 आभा कार्ड सेवाएं दी गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 10 हितग्राहियों को पोषण परामर्श तथा 14 हितग्राहियों को लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी। आयुष विभाग ने 120 तथा पशु चिकित्सा विभाग ने 18 दवाओं का निःशुल्क वितरण किया। रोजगार पंजीयन काउंटर पर 18 लोगों का पंजीयन किया गया।

मंच से हितलाभों का वितरण

शिविर में स्वसहायता समूहों को 36 लाख रुपये के सीसीएल ऋण एवं किसान कल्याण विभाग से 40 हितग्राहियों को लाभ दिए गए। 40 स्वामित्व अधिकार अभिलेख तथा नामांतरण एवं बंटवारे के 30 पत्रक वितरित किए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पेंशन योजना के पांच तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के 15 हितग्राहियों को प्रथम किश्त एवं 10 हितग्राहियों को संबल योजना लाभ मिले। महिला एवं बाल विकास विभाग ने तीन हितग्राहियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया।

संस्थाओं का निरीक्षण

अभियान अंतर्गत अधिकारियों ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन शोभापुर का निरीक्षण किया गया। एसडीएम सोहागपुर ने पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर का निरीक्षण किया। पशु चिकित्सा विभाग के जिला अधिकारी ने पशु चिकित्सालय शोभापुर का निरीक्षण किया। अभियान में 10 अधिकारियों ने 14 शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया।

सब जेल के पास संचालित मिलों पर कसा शिकंजा, 22 लाख का टैक्स बकाया

पिपरिया के पनारी औद्योगिक क्षेत्र में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया





पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पनारी में औद्योगिक विकास के लिए आवंटित क्षेत्र में नियमों की अनदेखी और स्थानीय कर (Tax) जमा न करने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर प्रशासनिक अमले ने क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए लगभग 15 औद्योगिक इकाइयों (फैक्ट्रियों) की जांच की, जिसमें भारी मात्रा में टैक्स बकाया पाया गया है।

सब जेल और कैदियों की सुरक्षा पर मंडराया खतरामिली जानकारी के अनुसार, पनारी ग्राम पंचायत क्षेत्र में सब जेल के आसपास लगभग 100 एकड़ सरकारी भूमि कम दरों पर औद्योगिक लीज पर दी गई है। यहां राइस मिल, नमकीन मिल, दाल मिल, पोहा मिल और वाटर प्लांट जैसी करीब 15 फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं।

सब जेल के चारों तरफ फैक्ट्रियां होने के कारण जेल अधीक्षक, प्रहरी परिवारों और जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फैक्ट्रियों से उड़ने वाली काली डस्ट, धूल और गंदा पानी जेल परिसर तक पहुंच रहा है, जिससे वहां रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन

थानीय स्तर पर लगातार व्यवेसाय होने के बावजूद इन औद्योगिक इकाइयों द्वारा पंचायत को किसी भी प्रकार का कर (Tax) नहीं दिया जा रहा था। इस अनियमितता को लेकर सरपंच प्रीतम सिंह ठाकुर, सचिव और रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी ने जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए औपचारिक अपील की थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा के आदेश पर एक संयुक्त जांच टीम गठित की गई। टीम में नायब तहसीलदार नीरज बैंस, जनपद पंचायत इंस्पेक्टर आर.एल. सिंह, पटवारी पंकज साहू, सचिव गणेश प्रजापति और रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी शामिल रहे।

व्यापारियों ने टैक्स भरने पर जताई सहमति

छापेमारी के दौरान जब प्रशासनिक टीम ने पड़ताल की, तो व्यापारियों का कहना था कि वे जिला कार्यालय में लीज की राशि जमा कर रहे हैं। हालांकि, जांच में पंचायत स्तर पर देय करों की अनदेखी सामने आई।प्रशासन ने मंगल फूड, रघु जी नमकीन सहित लगभग 15 औद्योगिक मिलों को नोटिस जारी किए हैं। जांच में सामने आया कि प्रति फैक्ट्री लगभग डेढ़ लाख रुपये के हिसाब से कुल लगभग 22 लाख रुपये का स्थानीय कर बकाया है। कार्रवाई के बाद अब व्यापारी वर्ग ने संपत्ति कर, औद्योगिक विकास कर, स्वच्छता कर और शिक्षा कर जमा करने पर अपनी सहमति जता दी है।

सारदा सेवा संघ सोहागपुर ने बनाया मेडिकल सहायता पाइंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सारदा सेवा संघ सोहागपुर द्वारा सलकनपुर देवी धाम जाने वाले भक्तों के लिए प्राथमिक चिकित्सा स्थल बनाया है। संघ से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी सहयोग से शनिवार को शाम सलकनपुर देवी धाम जाने वाले भक्तों के लिए प्राथमिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सनातनी परंपरा अनुसार किया गया है। उक्त स्थल पर सलकनपुर जाने वाले देवी भक्तों के लिए सभी प्रकार की प्राथमिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। आवश्यकता अनुसार विश्राम अथवा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने का सहयोग भी किया जाएगा।

कृषक वर्ग की समस्याओं को लेकर सोहागपुर नगर कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम जिले के किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी सोहागपुर द्वारा कलेक्टर नर्मदापुरम के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया है। नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी को सौंपे गए ज्ञापन में नौ मांगे शामिल हैं। सोहागपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में अल्प वर्षा एवं अनियमित बारिश से प्रभावित कृषक वर्ग की सभी समस्याओं पर कार्रवाई की मांग आवेदन में की गई है। ज्ञापन अनुसार पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण धान, मक्का, सोयाबीन व अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। सिंचाई, खाद-बीज उपलब्धता एवं फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने जैसी समस्याओं से किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अतः सोहागपुर नगर कांग्रेस कमेटी ने नर्मदापुरम जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने, प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर पात्र किसानों को मुआवजा देने, सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने, रबी सीजन के लिए खाद-बीज की व्यवस्था करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने, समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने, मप्र की बासमती धान को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने, सोहागपुर नगर के लंबित लीज नवीनीकरण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने व आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान विजय बाबू चौधरी, संतोष मालवीय, पुष्पराज पटेल, राजकुमार उपाध्याय, गजेंद्र चौधरी, राकेश चौधरी, नीरज चौधरी, इरफान खान, ऋषभ दीक्षित, सचिन श्रोती, ओपी पटेल व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

नवरात्रि की शुरूआत आज से, गरबा के आयोजन किए जाएंगे

पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों को मिलाकर अनेकानेक जगहों पर लगभग 125 स्थानों पर विराजमान होगी मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने हेतु लगातार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से तैयारी हो चुकी है। नगरपालिका परिषद क्षेत्र में ही लगभग 75 स्थानों पर विराजमान होगी मां दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने हेतु 2दिन पूर्व से भक्त लोग अपने-अपने क्षेत्र में लगातार दुर्गा प्रतिमा ले जा रहे हैं। ग्राम पंचायत पौसेरा में 9 प्रतिमाएं स्थापित हो रही है। लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया है।कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नारी शक्ति पूरी निष्ठा एवं भक्त की लगन अनुसार गरबा महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा इस दौरान सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार पचमढ़ी रोड स्थित एक निजी गार्डन में 12 अक्टूबर 2026को गरबा महोत्सव का आयोजन कर रहा है।

नागरिक कर चुके स्टेट हाईवे की समस्या की सुधार की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में संदीपनी स्कूल के नए भवन के सामने स्टेट हाईवे पर गड्ढों में गिट्टी व चूरा पुराव से धूल उड़ती है। नागरिक समस्या निराकरण की मांग लगातार कर रहे हैं। गत दिनों आसपास के रहवासियों एवं व्यापारियों ने आवेदन दिए हैं। समस्या ग्रस्त स्थल के आसपास के रहवासियों तथा व्यापारियों ने मामले में एसडीएम एवं सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ के नाम शिकायती आवेदन पत्र दिए हैं। आवेदन अनुसार सोहागपुर शहर में स्टेट हाईवे पर वाटिका गार्डन से चर्च तक मेन रोड से वाहन निकलते हैं तो अत्यधिक धूल उड़ती है। जिससे राहगीरों को व रहवासियों को परेशानी होती है। धूल उड़कर घरों व दुकानों तक पहुंच रही है। आवेदन में आगे उल्लेख है कि नवरात्रि में सलकनपुर तक हजारों भक्त उक्त सड़क से जाएंगे, जिन्हें नुकीले पत्थरों व गिट्टी से चोट लग सकती है। अतः नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन इस जन समस्या का समाधान जल्द से जल्द करे।

गांधी पार्क में कांग्रेस ने काली पट्टी बांधकर मनाया काला दिवस

कांग्रेस ने किया लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने के लिए शांतिपूर्वक जंतर-मंतर की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान उन्हें रोका गया और उनके साथ बलपूर्वक व्यवहार किया गया। उन्होंने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं और इंडिया ब्लॉक के सांसदों के साथ दुर्व्यवहार तथा लाठीचार्ज किए जाने का आरोप भी लगाया।

गुजराती ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में आज के दिन को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस घोषित किया है।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर विरोध दर्ज कराने की अपील की। साथ ही जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर व्यापक विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर महेश दयाल चौरसिया, विष्णु प्रसाद राठौर, ओम वर्मा, सीताराम भारती, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, ओमाबाबा राठौर, डॉ.अनीस खान, मुनव्वर मामू, हफीज चौधरी, मजीद अंसारी, इरफान लाला, रमायण प्रसाद शुक्ला, डॉ.नन्दलाल यादव, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, अजय रैकवार, विनीत गोयल, पंकज शर्मा, आसिफ अंसारी, ब्रजेश पाटीदार, जतिन परमार, सोनू विश्वकर्मा, विवेक टाँक, हर्ष गुप्ता, युसूफ खान, अतीक चौधरी, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

इश्तहार

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन इंदिरा कालोनी LIG-41 श्री मोहम्मद अनीस राईन पिता मो. इशाक के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति अनीसा राईन पति मोहम्मद अनीस राईन अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते / चाहती हैं। उक्त भवन /भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात् किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

इश्तहार

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन इंदिरा कालोनी LIG-40 श्रीमति अफरोज बी पति मो. इशाक राइन के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री मोहम्मद ताज राइन पिता जावेद राइन अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते / चाहती हैं। उक्त भवन / भूखंड / दुकान का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात् किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

पूर्व मंत्री की मांग पर मुख्यमंत्री ने की हरदा में फूड पार्क की घोषणा

पटेल ने उठाया विकास का मुद्दा, कृषि आधारित उद्योगों व रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हरदा आगमन के दौरान भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने जिले में फूड पार्क स्थापित करने की मांग रखी। उन्होंने हरदा की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था, किसानों की आर्थिक समृद्धि और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

कमल पटेल की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहमति जताते हुए हरदा में फूड पार्क बनाने की घोषणा की। इस घोषणा से जिले में कृषि आधारित उद्योगों के विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद बढ़ी है। कार्यक्रम में कमल पटेल ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व और प्रदेश सरकार की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सरकार कैसे चलाई जाती है, यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए स्पष्ट





रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद

फूड पार्क विकसित होने से खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योगों और व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। इन गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। इसके अलावा परिवहन, पैकेजिंग, भंडारण और अन्य सहायक सेवाओं से जुड़े कारोबारों को भी गति मिल सकती है। कृषि उत्पादों पर आधारित उद्योग जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण की सुविधाएं विकसित होने से कृषि उपज को उत्पाद के रूप में बाजार तक पहुंचाने के अवसर बढ़ेंगे। इससे किसानों, उद्यमियों और रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को लाभ मिलने की संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के बाद हरदा में फूड पार्क की स्थापना को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। हालांकि, परियोजना के स्थान चयन, निवेश, आधारभूत सुविधाओं, उद्योगों की स्थापना और क्रियान्वयन से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आने के बाद ही इसके वास्तविक स्वरूप और संभावित लाभों का आकलन किया जा सकेगा। किसानों की समृद्धि से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।

दृष्टिकोण, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनहित से जुड़े विषयों पर निर्णय लेना आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने हरदा जिले की जरूरतों और विकास की संभावनाओं को मुख्यमंत्री के सामने रखा। हरदा जिला कृषि उत्पादन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। यहां बड़ी मात्रा में कृषि उपज होती है, लेकिन कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जुड़ी गतिविधियों का विस्तार किसानों की आय और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कमल पटेल ने हरदा में फूड पार्क स्थापित करने की मांग की। फूड पार्क की स्थापना होने पर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण, पैकेजिंग और विपणन से संबंधित उद्योगों को बढ़ावा मिल सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने और कृषि उपज का मूल्य संवर्धन करने की संभावनाएं बनेंगी। किसानों को अपनी उपज के बेहतर उपयोग और बाजार से जुड़ने के नए अवसर मिल सकते हैं।

नवरात्रि की तैयारियां पूरी, कलाकार ने बनाईं मां दुर्गा और भोलेनाथ की प्रतिमाएं

नवरात्रि का पर्व आज से शुरू, भक्ति और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

शारदीय नवरात्रि के आगमन से पहले हरदा में तैयारियां जोर-शोर से पूरी हो गईं हैं। जगह-जगह मां दुर्गा की स्थापना के लिए भव्य पंडाल तैयार किए जा रहे हैं, तो वहीं मूर्तिकार भी माता रानी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

भक्तों में नवरात्रि को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हरदा के कलाकार सुशील गौर द्वारा मां दुर्गा और भगवान भोलेनाथ की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं, जिनकी कलाकारी और श्रृंगार लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। नवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही हर तरफ भक्ति और उत्साह का माहौल नजर आने लगा है। मां दुर्गा की स्थापना के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों में पंडाल सजाए जा रहे हैं। वहीं मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर माता रानी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। प्रतिमाओं में आकर्षक रंगों, बारीक कलाकारी और सुंदर श्रृंगार का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हरदा के कलाकार सुशील गौर ने भी मां



दुर्गा और भगवान भोलेनाथ की सुंदर प्रतिमाएं तैयार की हैं। उनकी बनाई प्रतिमाओं में कलाकारी और श्रृंगार की बारीकियां देखने को मिलती हैं।

आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और स्थानीय रहवासियों के बीच उनकी कला की चर्चा है। दूर-दूर से लोग माता रानी की प्रतिमाएं लेने के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालु विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिरों और पंडालों में धार्मिक आयोजन होंगे। इसके बाद दशहरे के अवसर पर परंपरा के अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। नवरात्रि शुरू होने से पहले ही भक्तों में माता रानी के स्वागत को लेकर उत्साह दिखाई देने लगा है। कुल मिलाकर, नवरात्रि के आगमन से पहले हरदा में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एक ओर भक्त मां दुर्गा की आराधना के लिए उत्साहित हैं, तो दूसरी ओर सुशील गौर जैसे स्थानीय कलाकार अपनी कला के माध्यम से पर्व की रौनक बढ़ाने में जुटे हैं।

कर्मों की गति को समझकर श्रेष्ठ कर्म करें: राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

जिला जेल हरदा में बंदियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय राजयोग शिविर के पांचवें दिन बीके राजेश भाई ने कर्मों की गुह्य गति को स्पष्ट करते हुए कहा कि मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में सदैव श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। हमारे विचार, वाणी और व्यवहार का प्रभाव न केवल हमारे जीवन पर, बल्कि दूसरों के जीवन पर भी पड़ता है।

उन्होंने कहा कि राजयोग के अभ्यास से मनुष्य अपने विचारों को सकारात्मक बना सकता है और क्रोध, तनाव, नकारात्मकता जैसी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर सकता है। अपनी गलतियों को



पहचानकर उनमें सुधार करना तथा भविष्य में अच्छे कर्म करने का संकल्प लेना ही जीवन परिवर्तन की सच्ची शुरुआत है।

बीके राजेश भाई ने बंदियों को प्रेरित किया कि वे अतीत की गलतियों से सीख लेकर वर्तमान को श्रेष्ठ बनाएं और सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन में नई शुरुआत करें। राजयोग के नियमित अभ्यासकार्यक्रम के बी.के. किरण बहन जी ने सभी बंदी भाइयों को व्यसनमुक्त, क्रोधमुक्त और अपराधमुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा कराई। सभी ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे यहाँ से बाहर जाकर एक नया और ईमानदारी का जीवन जिएंगे। राजयोग का अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर जिला जेल प्रभारी ने कहा कि 5 दिनों में बंदियों के चेहरे पर जो शांति और परिवर्तन आया है वह अद्भुत है। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्था का आभार व्यक्त किया। से मन में शांति, आत्मविश्वास और आत्मबल बढ़ता है, जिससे व्यक्ति स्वयं में परिवर्तन लाकर समाज के लिए भी उपयोगी बन सकता है

जैन समाज का 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान आज से, कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

दिगंबर जैन समाज, हरदा के तत्वावधान में देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान की आराधना एवं भक्ति के लिए 16 दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है।

यह धार्मिक आयोजन आज रविवार से प्रारंभ होकर 26 अक्टूबर, सोमवार तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन विधान पूजा, अभिषेक एवं शांतिधारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन का शुभारंभ आज 11 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे यंत्राभिषेक, जाप, संकल्प एवं अनुष्ठान के साथ होगा। इसके बाद



प्रातः 7 बजे नित्य अभिषेक एवं शांतिधारा की जाएगी। प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण, सकलीकरण एवं विधान पूजा प्रारंभ होगी। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से विधान पूजा संपन्न कराई जाएगी। महामंडल विधान के समापन दिवस सोमवार, 26 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे अभिषेक एवं शांतिधारा होगी। इसके बाद प्रातः 8 बजे से विधान पूजा प्रारंभ होगी। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विश्व शांति महायज्ञ एवं हवन का आयोजन किया जाएगा। इसमें परिवार और समाज की आरोग्यता, समृद्धि, सुख-शांति एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना की जाएगी। दिगंबर जैन समाज, हरदा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने समस्त सामाजिक बंधुओं एवं माता-बहनों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने तथा पुण्य संचय करने की अपील की है। 16 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन से जैन समाज में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा।

मरम्मत पूर्ण करने के निर्देश

अधिकारियों ने माचक उपनहर व मुहाल माइनर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

रबी सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने माचक उपनहर और मुहाल माइनर का निरीक्षण किया। इस दौरान वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त हुई नहरों, पुलिया और हेड रेगुलेटर की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को रबी सिंचाई शुरू होने से पहले मरम्मत कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम के मुख्य अभियंता आर.आर. मीणा, तवा परियोजना मंडल की अधीक्षण यंत्री प्रतिभा सिंह, माचक उपनहर जल संसाधन उपसंभाग खिरकिया के अनुविभागीय अधिकारी रोहन विलियम्स, विद्युत एवं यांत्रिकी उपसंभाग हरदा के अनुविभागीय अधिकारी महेंद्र ओगले तथा उपयंत्री प्रेमित कुमार पाटिल मौजूद रहे। अधिकारियों ने मुहाल माइनर की चैन 72 पर स्थित पुलिया, चैन 0 पर बने हेड रेगुलेटर और माचक उपनहर के वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त हिस्सों का निरीक्षण किया। इस दौरान नहरों की मौजूदा स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक मरम्मत कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य अभियंता आर.आर. मीणा और अधीक्षण यंत्री प्रतिभा सिंह ने निर्देश दिए कि सभी जरूरी मरम्मत कार्य समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में सिंचाई के दौरान किसानों को पानी की उपलब्धता बनी रहे।

राजमहल स्वरूप में सजा पंडाल, आज शुरू होंगे नवरात्र, विराजेगी मां अंबे

खरगोन। नवरात्र में आकर्षण का केंद्र रहने वाले ज्योति नगर में मां दुर्गा के आगमन की तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई है। यहां भव्य पंडाल तैयार किया गया है, जहां 11 अक्टूबर को देवी मां की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यहां आकर्षक पंडाल सजाया गया है, जो भक्तों का ध्यान खींच रहा है। पूरी सजावट इतनी सुंदर है कि यह सभी का मन मोह रही है। यहां 50 से अधिक कुशल कारीगर इस पंडाल को बनाने में जुटे हुए हैं। 100 बाय 300 स्क्वेयर फीट के इस विशाल परिसर में 30 बाय 30 का माता का दरबार सजाया गया है, जबकि माता के दरबार का शिखर 51 फीट ऊंचा है।

समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने बताया इस बार दुर्गा पूजा का पंडाल राजमहल की अनोखी थीम को लेकर सजाया जा रहा है। इसमें माता की ललितासन मुद्रा में स्थापना होगी। यह मुद्रा माता की सौम्यता, ऐश्वर्य, करुणा और राजसी गरिमा का प्रतीक मानी जाती है। माता महारानी के तर्ज पर विराजित होगी। दरबार की डिजाइन और संरचना पर विशेष काम किया जा रहा है। पंडाल की बनावट से लेकर उसकी सजावट तक में इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि श्रद्धालुओं को एक अलग और भव्य अनुभव मिल सके। यह पूजा पंडाल इस बार दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। पंडाल की चौड़ाई करीब 30 बाय 30 जबकि इसकी ऊंचाई करीब 51 फीट रखी जा रही है। इतने बड़े आकार में तैयार हो रहे पंडाल को स्वरूप देने के लिए कारीगर लगातार मेहनत कर रहे हैं। पंडाल को रंग-बिरंगी



लाइटों और आधुनिक साज- सज्जा से सजाया जा रहा है। शाम होते ही पूरा मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा उठेगा। इसका उद्देश्य माता के दरबार को भव्यता देना और परिसर को आलौकिक एवं दिव्यता प्रदान करना है। नवदुर्गा उत्सव समिति के प्रचार प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया पंडाल बनाने वाले श्रीनु इलेक्ट्रिकल टीम के कारीगर दिन-रात काम कर रहे हैं। मंदिर समिति के सदस्य भी तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं। पंडाल के साथ मंदिर परिसर की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि नवरात्र में ज्योति नगर का गरबा पंडाल आस्था का केंद्र होता है। यहां हजारों की संख्या में भक्त दर्शन एवं गरबा नृत्य देखने पहुंचते है। पंडाल तक पहुंच मार्ग के करीब 200 मीटर मार्ग याने बिस्टान रोड़ से ज्योतेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंचने के रास्ते पर सड़क के दोनों और उजाले के लिए रंगीन विद्युत सज्जा एवं सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है।

वृहद विधिक जागरूकता व समस्या निवारण शिविर आयोजित

विधिक सहायता व कानून की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरगोन

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के अध्यक्ष अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को ए.डी.आर. सेंटर परिसर में वृहद विधिक जागरूकता एवं समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करना था। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने कहा कि विधिक सेवा संस्थाएं गरीब, कमजोर, पिछड़े, अशक्त एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों की कानूनी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने आमजन में मानवाधिकारों, कानूनी अधिकारों एवं विधिक सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

मध्यस्थता व नेशनल लोक अदालत से हो सकता है प्रकरणों का निराकरण: सुश्री जैन ने मध्यस्थता योजना एवं नेशनल लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया जा सकता है। इससे पक्षकारों



को विवादों का समाधान सौहार्दपूर्ण तरीके से प्राप्त करने का अवसर मिलता है। न्यायाधीश सुश्री प्रीतिबाला मुणिया ने आमजन से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। वहीं, प्रशिक्षु न्यायाधीश सुश्री मुस्कान मंसूरी ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी सलाह के प्रावधानों के साथ नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में विस्तार से बताया।

विभिन्न विधिक योजनाओं एवं सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं की दी जानकारी: शिविर में असंगठित श्रमिकों, महिलाओं एवं बच्चों, मानव तस्करी के पीड़ितों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए संचालित विधिक योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, महिलाओं के भरण-पोषण, मोटरयान अधिनियम एवं जन उपयोगी स्थायी लोक अदालत से संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। योजनाओं की जानकारी पम्पलेट एवं ब्रोशर के माध्यम से भी उपलब्ध कराई गई।

नर्मदा स्नान के दौरान तीन सड़क हादसों में 4 लोग घायल

हरदा। शनिवार को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर नर्मदा स्नान के दौरान तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दो महिलाओं, एक बच्चे सहित कुल चार लोग घायल हो गए। इनमें एक युवक की हालत गंभीर है। जिसे हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अंकित ऊईक (35) तेज रफ्तार बाइक चला रहा था। वह अज्ञात वाहन से टकरा गया। जिससे उसके सिर-पैरों में गंभीर चोटें आईं। गंभीर हालत के कारण उसे हायर सेंटर भेजा गया है। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर नर्मदा स्नान के दौरान हुआ हादसा। एक अन्य दुर्घटना में, सीहोर जिले के रोलागांव के रिपेश माली अपनी पत्नी शीला बाई (34) के साथ बाइक से नेमावर आ रहे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। शीला को गंभीर चोट लगी। जिसे हरदा रेफर किया गया है। जहां इलाज चल रहा है। वहीं, एक और सड़क हादसे में नर्मदा स्नान कर घर लौट रही एक महिला और उसकी दो साल की बेटी की बाइक को भी एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया

तनाव, चिंता व समस्याओं से निपटने उपाय बताए

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली छात्राएं पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय हरदा में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना, मानसिक समस्याओं को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और जरूरतमंद लोगों को समय पर परामर्श एवं उपचार लेने के लिए प्रेरित करना था।

इस दौरान नर्सिंग विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बरतने का संदेश दिया। नाटक प्रस्तुत करने वाली नर्सिंग छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने मनकक्ष में उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी



दी। उन्होंने कहा कि मानसिक परेशानी होने पर उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर विशेषज्ञ से परामर्श और उपचार लेने से समस्या का प्रभावी समाधान संभव है। मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्व देना जरूरी है। मनकक्ष की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट गीतांजलि परमार ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव, चिंता और भावनात्मक समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इन समस्याओं को समझने और उनसे निपटने के उपायों की जानकारी दी। वहीं, उमंग काउंसलर पारुल काशिव ने किशोरों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए भावनात्मक बदलावों को समझने तथा आवश्यकता पड़ने पर काउंसलिंग लेने के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बताया कि मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के साथ संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। उनकी परेशानियों का मजाक उड़ाने या उन्हें नजरअंदाज करने के बजाय उनकी बात सुनना और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों और भेदभाव को दूर करने का संदेश भी दिया। आरएमओ डॉ. विपिन पटेल, मनकक्ष प्रभारी डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर, डॉ. राजेश सतीजा, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष साकल्ले, नर्सिंग ऑफिसर अंकित सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया।

अध्यापक, शिक्षक नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता सहित अन्य मांगें पूर्ण करने पर बनी सहमति



खरगोन। विगत 27 सितंबर से अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चे द्वारा भोपाल के नीलम पार्क में अपनी तीन सूत्रीय मांगों जिनमें वर्तमान में कार्यरत समस्त नवीन शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त रखा जाए , अध्यापक-शिक्षक संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से शासकीय सेवक मानकर उनकी सेवा अवधि की गड़ना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, तथा ई अटेंडेंस जैसी अव्यवहारिक उपस्थिति को बंद किया जाए । इन मांगों को लेकर चल रहे क्रमिक भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन के दौरान अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक मंडल को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने चर्चा हेतु आमंत्रित किया। इस चर्चा का नेतृत्व मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया इस चर्चा में अध्यापक शिक्षक मोर्चा के प्रांतीय संयोजक मंडल के जगदीश यादव, राकेश दुबे, राकेश नायक और शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह इस चर्चा में शामिल रहे मध्यप्रदेश अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा प्रदेश मंडल के प्रभुराम मालवीया, हबीबुल्ला खान,अमित शर्मा, गोपीचंद सहिते, दिनेश पटेल, विनोद पंडित, भारत डाबर,अतीक खान, ग्यारसीलाल पटेल ने बताया कि अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 27 सितंबर से भोपाल के नीलम पार्क में भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन कर रहा है । इस भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन में मध्य प्रदेश के सभी संभागों से प्रतिदिन एक-एक संभाग बारी-बारी से भोपाल के नीलम पार्क में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे । इसमें मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में नवीन शिक्षक संवर्ग के शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इससे मध्य प्रदेश सरकार पर इन मांगों को पूर्ण करने और समस्याओं को निराकरण का दबाव बना विभिन्न स्तर पर सरकार और अधिकारियों से बातचीत का दौर प्रारंभ हुआ ।